पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार मित्तल के निधन पर दुःख व्यक्त किया

आवास जाकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किये

लखनऊः 13 नवम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कबीर शांति मिशन के संस्थापक श्री राकेश कुमार मित्तल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने स्वर्गीय मित्तल के आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किये तथा परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना भी दी।

राज्यपाल ने कहा है कि स्वर्गीय मित्तल मिलनसार व्यक्ति थे तथा उनके साथ कई कार्यक्रमों में सहभाग करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात कबीर शांति मिशन की स्थापना कर वे समाज सेवा के कार्यों से जुड़े रहे। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सेवाओं के लिये सदैव उन्हें स्मरण किया जायेगा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (444/25)